**भारत सरकार**

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2098

उत्तर देने की तारीख: 02.12.2019

**आईआईएम, आईआईआईएसईआर और आईआईटी**

2098. डॉ जी॰ रणजीत रेड्डीः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने तेलंगाना में आईआईएम, आईआईआईएसईआर और आईआईटी की स्थापना हेतु कोई ज्ञापन सौंपा है;

(ख) यदि हां, तो प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है और इस प्रस्ताव के कई वर्षों तक मंत्रालय के समक्ष लंबित पड़े रहने के क्या कारण हैं; और

(ग) तेलंगाना में इन संस्थानों की स्थापना हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं; और ये संस्थान कब तक स्थापित किए जाएंगे ?

**उत्तर**

**मानव संसाधन विकास मंत्री**

**(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')**

(क) से (ग): तेलंगाना के मुख्यमंत्री से तेलंगाना राज्य में एक आईआईएम और आईआईआईएसईआर स्थापित करने के लिए प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनकी सरकार द्वारा जांच की जा रही है।

*****